साँवरिया बिन तेरे कोई ना भाता

साँवरिया बिन तेरे कोई ना भाता है,
बस तेरा दीदार करू मेरे मन में आता है,
ये कैसा रिश्ता है कैसा नाता है
बस तेरा दीदार करू मेरे मन में आता है,

तेरे जैसा ना कोई दातार है,
मेरे जीवन का तू ही आधार है,
अर्जी लगाई जब मैंने दर पे,
रख दिया तूने हाथ मेरे सिर पे,
गिरते को बहाओ में तुहि उठता है,
बस तेरा दीदार करू मेरे मन में आता है,

चारो तरफ हैं दुनिया का मेला,
फिर भी लगता मैं हु अकेला,
आफत ने है जब जब है गेरा,
मैंने तो पाया श्याम साथ तेरा,
हारे का हर पल तू साथ निभाता है,
बस तेरा दीदार करू मेरे मन में आता है,

तुम मेरे साथी तुम मेरी शान हो,
बाबा तुम ही तो मेरा जहान हो,
रिश्ते की डोर का ये धागा तोड़ के,
सुरयश न जायेगा श्याम तुझे छोड़ के,
तेरी चरण में दुनिया का हर सुख मिल जाता है
बस तेरा दीदार करू मेरे मन में आता है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5291/title/sanwariyan-bin-tere-koi-na-bhata-hai-bas-tera-dedaar-karu-mere-man-me-aata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |